तारीख हुक्म	हुक्म वा कार्यवाही मय इनिशियल्स जज पंचायत निगरानी मु.सं. 21/2019 जयकिशन बनाम कन्हैयालाल वगै.	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील जारी हुए
21-08-19	**पत्रावली पेश हुई। उभय पक्ष उपस्थित। ग्राम पंचायत जसरासर पंचायत समिति नोखा से मूल मिसल प्राप्त हुई, जो शामिल पत्रावली किया गया। अप्रार्थी अधिवक्ता जवाब हेतु समय चाहते है, जो दिया जाता है। पत्रावली आयन्दा दिनांक 16.09.2019 को पेश हो तब पूर्व प्रसारित अन्तरिम स्थगन आदेश दिनांक 6.08.2019 की अवधि बढ़ाई जाती है।**	
16/9/19	आज बार एसोसियेशन द्वारा कार्य स्थगन रखा गया है। श्रीमान् पीठासीन अधिकारी अन्य राज कार्यों में व्यस्त है। पत्रावली पीठासीन अधिकारी महोदय के समक्ष आयन्दा दिनांक 3/10/19 को पेश हो।	
03-10-2019	पत्रावली पेश हुई। प्रार्थी एवं अप्रार्थी संख्या 1 एवं उनके अधिवक्ता उपस्थित। वकील प्रार्थी द्वारा दिनांक 24.09.2019 को प्रस्तुत प्रार्थना पत्र एवं फार्म नं. 3 के संलग्न दस्तावेजात को शामिल पत्रावली किया। प्रार्थी एवं अप्रार्थी जरिये अधिवक्ता उपस्थित होकर पत्रावली विड्रा बाबत प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर कथन किया है कि प्रकरण वास्ते सुनवाई हेतु आज की पेशी में मुकर्रर है। उक्त प्रकरण में पक्षकारों में लोक अदालत की भावना व समझाईश से राजीनामा हो गया है। प्रार्थी/निगरानीकर्ता उक्त प्रकरण को आगे चलाना नहीं चाहता है। अतः प्रकरण को जरिये राजीनामा विड्रा फरमावे। प्रार्थी एवं अप्रार्थी की पहचान उनके अधिवक्ता ने की । हमने पत्रावली एवं प्रार्थी निगरानीकर्ता एवं अप्रार्थी संख्या 1 द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र का अवलोकन किया। प्रार्थी एवं अप्रार्थी के मध्य लोक अदालत की भावना व समझाईश से राजीनामा हो गया है। प्रार्थी निगरानीकर्ता प्रकरण को आगे चलाना नहीं चाहता है। प्रार्थी एवं अप्रार्थी ने आदेशिका पर सहमति हेतु हस्ताक्षर किये है जिसकी पहचान प्रार्थी एवं अप्रार्थी के अधिवक्ता ने की है। लिहाजा निगरानीकर्ता द्वारा प्रकरण को आगे नहीं चलाने के आधार पर प्रकरण जरिये विड्रावल खारिज किया जाता है। अधीनस्थ न्यायालय का मूल रिकार्ड लौटाया जावे। पत्रावली फैसल शुमार होकर बाद तरतीब एवं तकमील दाखिल दफ्तर हो।	जयकिशन कन्हैयालाल मूल रिकार्ड रिटर्न 2028 7/10/19